हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 31 अगस्त 2025

04 पानी के टपका से जर्जर हालत में पहुंच गया कुही का...



07 मांग पर, सांसद ने तत्काल जबलपुर...





## खबर संक्षेप

### श्रीरामलीला महोत्सव समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** श्रीरामलीला महोत्सव समिति के सचिव योगेश्वर तिवारी ने बताया कि समिति की वार्षिक बैठक पं. भवानी शंकर शर्मा, पं. गिरिजा शंकर शर्मा के निवास पर रविवार को रात्रि 8 बजे से आयोजित की गई है जिसमें बैठक के निम्न विषय रहेंगे। गत वर्ष 2024-25 का आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया जावेगा एवं आगामी वर्ष 2025-2026 हेतु व्यय हेतु बजट निर्धारित किया जावेगा । वर्ष 2025-2026 के लिए कार्यकारिणी का गठन। महोत्सव की रूपरेखा पर चर्चा की जावेगी। श्री रामबारात एवं दशहरा उत्सव और रात्रि प्रोग्राम हेतु चर्चा। अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जावेगी ।

### कन्या महाविद्यालय में हुआ शिविर का समापन

**इटारसी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग द्वारा 14 अगस्त से 29 अगस्त तक कराटे में ब्लैक बेल्ट धारी प्रशिक्षिका कु हेनु द्वारा छात्राओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया जिसका समापन आज किया गया। छात्राओं ने इसमे वार्मअप, कोकोसूकी, ब्लॉक, मावाशिगरी, किक्स , आत्मरक्षा के प्रकार आदि का अभ्यास सीखा।

### मप्र राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने की पीडीएस मध्यान्ह भोजन की समीक्षा

# बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने के लिए तंत्र संवेदनशील बनाया जाए: मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा की अध्यक्षता में मध्यान्ह भोजन व सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक हुई।**

कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में शुक्रवार को मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा की अध्यक्षता में मध्यान्ह भोजन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रदाय किए जाने वाले पोषण आहार की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, जिपं सीईओ सौजान सिंह रावत, एसडीएम नर्मदा पुरम नीता कोरी, जिला खाद्य अधिकारी रश्मि साहू, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित डेहरिया सहित अन्य अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने जिले के विभिन्न केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों का योजनावार परीक्षण किया और निर्देश दिए।




### उपयोग होने वाले पानी की टेस्टिंग करें : मल्होत्रा

मप्र राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि भोजन में उपयोग किए जाने वाले पानी की टेस्टिंग की जाए तथा मध्यान्ह भोजन एवं पोषण आहार के तत्वों की जांच कर उसकी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाए। अतिकुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि बच्चों को कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाने के लिए पूरे तंत्र को संवेदनशील बनाया जाए और एनआरसी में अधिक से अधिक अतिकुपोषित बच्चों को भेजा जाए।

### भोजन की गुणवत्ता पर विशेष दें : दर्शन सिंह

बैठक के दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के समग्र विकास की प्रथम सोपान है इसलिए यहां पर उन्हें समस्त आवश्यक संसाधनों की पूर्ति की जाए जिससे बच्चे भविष्य के लिए तैयार हो सके। सांसद श्री सिंह ने कहा कि शालाओं एवं आंगनबाड़ियों में वितरित किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए इसकी गुणवत्ता सर्वोपरि है।

### मोटा अनाज भी किया जाए वितरित:नारोलिया


राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने समीक्षा बैठक के दौरान कहां की आंगनवाड़ियों एवं मध्यान्ह भोजन में मोटा अनाज (मिलट्स) को भी सम्मिलित किए जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसी प्रकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन में भी मिलेटस का वितरण किए जाने के संबंध ने कार्ययोजना तैयार की जाए। खाद्य विभाग सुनिश्चित करे कि जनसंख्या के अनुरूप राशन दुकानों का संचालन किया जाए।

### अधिकारी बनाएं कार्ययोजना : कलेक्टर

बैठक के उपरांत कलेक्टर सोनिया मीणा ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए की बैठक के दौरान मध्य प्रदेश राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत पालन किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की अध्यक्ष द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान जिन संस्थाओं में सुधारात्मक कार्यों के निर्देश दिए है उन परअमल किया जाए एवं बैठक में अध्यक्ष श्री मल्होत्रा एवं सांसदगणों द्वारा दिए गए सुझावों के संबध में भी कार्ययोजना तैयार की जाए।

## नापतौल विभाग की सघन कार्यवाही जारी, किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी के निर्देशानुसार विधिक मापविज्ञान नापतौल विभाग द्वारा नर्मदापुरम जिले में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के प्रभारी सहायक नियंत्रक सलिल ल्यूक एवं आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में नर्मदापुरम बाजार की मिठाई दुकानों, किराना दुकानों एवं हार्डवेयर प्रतिष्ठानों में नापतौल उपकरणों एवं पैकेटबंद सामग्री की जांच की गई। इस दौरान चार प्रकरण दर्ज किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए अब प्रतिदिन बाजार की मिठाई, किराना एवं हार्डवेयर दुकानों में नापतौल उपकरणों एवं पैकेटों की जांच की जा रही है। पैकेटों पर अंकित वजन एवं विवरण की भी बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित मानक के अनुसार ही सामग्री प्राप्त हो।

नापतौल अधिकारी ने समस्त व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा रहे सभी नापतौल उपकरणों का अनिवार्य रूप से सत्यापन कार्य सितंबर माह में करा लें। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन किए नापतौल उपकरणों का उपयोग करना दंडनीय अपराध है।

### संयुक्त संचालक ने किया त्रैमासिक परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** संभागीय संयुक्त संचालक नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा ने विगत दिवस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम का आकस्मिक निरीक्षण कर दोपहर 1:30 से आयोजित कक्षा 11वीं एवं 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा का अवलोकन किया। इस दौरान सभी परीक्षा कक्षों में शिक्षकों को पर्यवेक्षण कार्य जिम्मेदारी के साथ मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए गए। यह गौरतलब है कि कक्षा 11वीं का अर्थशास्त्र एवं भौतिक शास्त्र विषय का एवं कक्षा 12वीं में हिंदी विषय की आयोजित परीक्षा में कक्षा 11वीं में उपस्थित 180 व 12वीं में उपस्थित 168 छात्राओं को एकांतर क्रम में बैठाया गया।

## मास्टर ट्रेनर एवं निर्वाचन लिपिकों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण दिनांक 28 अगस्त 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे से स्थानीय निर्वाचन कार्यालय (कक्ष क्रमांक एफ-4, तवा भवन नर्मदापुरम) में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश कुमार शर्मा के



निर्देशन में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर (स्थानीय निर्वाचन) पंकज दुबे द्वारा प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में मतदाता सूची कार्य कराये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा प्रशिक्षुओं को नियत समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## जिले के किसानों ने सीखी मखाना की खेती एवं प्रसंस्करण तकनीकी की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जिला नर्मदापुरम के 30 किसानों का दल मखाना की खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन तकनीक सीखने हेतु बिहार राज्य के दरभंगा एवं पूर्णिया भेजा गया। किसानों ने इस दौरान मखाना उत्पादन, नवीन किस्मों, प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

गत दिवस किसानों ने राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र मखाना, दरभंगा का भ्रमण किया। यहां वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार ने मखाना उत्पादन की विधि पर विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात प्रमुख वैज्ञानिक एवं इंचार्ज डॉ. इंदु शेखर सिंह ने मखाना से संबंधित अनुसंधान, नवीन किस्मों, प्रति हेक्टेयर लागत एवं उत्पादन की जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. राहुल कुमार



ने मखाना के प्रसंस्कृत उत्पादों से किसानों को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त प्रगतिशील कृषक श्री अमरेंद्र कुमार एवं अमरजीत साहनी ने अपने प्रक्षेत्र पर किसानों को मखाना की खेती का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया तथा मखाना से संबंधित किसानों के प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया।

## चलती ट्रेन से गिरकर यात्री युवक हुआ घायल मौके पर पहुंची 108 ने तत्काल पहुंचाई मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम-इटारसी के पास कंचननगर इलाके में शनिवार सुबह चलती ट्रेन से एक यात्री गिर गया। युवक घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस, 108 एंबुलेंस स्टाफ और राहगीर मौके पर पहुंचे। गाड़ी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी तो सभी ने मिलकर स्ट्रेचर उठाकर करीब एक किमी पैदल ट्रैक पर चलते हुए घायल को एंबुलेंस तक पहुंचाया।

इसके बाद जिला अस्पताल में



भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे की है। कंचननगर-रसूलिया रेलवे लाइन के पास प्रदीप कमलेश अहिरवार निवासी बनखेड़ी, इटारसी से भोपाल जाने वाली ट्रेन में बैठा था।

इसी दौरान वह ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर थाना देहात नर्मदापुरम से प्रधान आरक्षक संजय गौर टीम सहित मौके पर पहुंचे। गाड़ी न पहुंच पाने से पुलिस, एंबुलेंस स्टाफ और राहगीरों ने मिलकर स्ट्रेचर पर घायल को उठाया और करीब एक किमी पैदल ट्रैक पर चलते हुए एंबुलेंस तक लाए।

## महिला मोर्चा की सभी बहनें अधिक से अधिक संख्या में सुनें मन की बात कार्यक्रम : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया ने कहा कि महिला मोर्चा की बहनें अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुनें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अभद्र टिप्पणी किए जाने पर मोर्चा प्रदेशभर में राहुल गांधी का पुतला जलाने का निर्णय लिया है। बैठक में पीएम की "मन की बात" कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई और मोर्चा की बहनों से अपने विचार साझा किए गए। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में समसामयिक विषयों के साथ रोजगार, नवाचार और विरासत से विकास सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि महिलाओं को मन की बात कार्यक्रम में मिलने वाले संदेशों को महिलाओं तक पहुंचाएं। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजुध्या गोदारा, श्वेता त्यागी, निभा गुप्ता, विभा गुड़ नमिता देशवाली, सुषमा चौहान, उषा सोनी उपस्थित रहीं।

## कार्रवाई के बाद जागा विभाग कार्यालय में बनाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोक निर्माण विभाग में एक साल में दो बार लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद विभाग की छवि पर असर पड़ा है। ठेकेदारों द्वारा हर काम के लिए घूस देने के आरोप भी सामने आए हैं। अब विभाग ने ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

लोनिवि के कार्यपालन यंत्री (ईई) अनुराग सिंह ने बताया कि पूरे कार्यालय परिसर और अधिकारियों के कक्षों में सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाएंगे। इससे न केवल कर्मचारियों और अधिकारियों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों की गतिविधियां भी रिकॉर्ड होंगी। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बनाए रखना और भ्रष्टाचार पर रोक लगाना है। अब निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों की सीधे दफ्तर में आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। उनके लिए एक अलग बैठक कक्ष बनाया जाएगा, जहां वे बैठेंगे। वहीं संबंधित शाखा के अधिकारी उनसे जाकर मिलेंगे। इससे ठेकेदारों द्वारा अलग-अलग लिपिकों से सीधे संपर्क करने की संभावना खत्म हो जाएगी और कामकाज ज्यादा साफ-सुथरे तरीके से होगा। ठेकेदार सहित आगंतुकों के लिए अलग से कमरा राखा जावेगा जिससे कि कार्य में परदर्शिता बनी रहे वहीं ठेकेदारों द्वारा अलग-अलग लिपिकों से सीधे संपर्क करने की संभावना खत्म हो जाएगी।

## नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने सेठानीघाट का निरीक्षण कर सफाई टीम को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अतिक्रमण हटाने के दिए सख्त निर्देश, दीनदयाल रसोई योजना के भोजन गुणवत्ता देखी तथा कचरा वाहनों का निरीक्षण किया नगरपालिका की टीम द्वारा नगर में समुचित व्यवस्था बनाने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। नगर में चहुंओर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। जिसके चलते शनिवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा सेठानीघाट क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। साथ ही अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते



हुए कहा कि सेठानीघाट पर यातायात सुगम बनाई जाए। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने सेठानीघाट स्थित दीनदयाल रसोई योजना का निरीक्षण किया गया। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वहां बन रहे भोजन की गुणवत्ता देखी तथा बेहतर व्यवस्था और स्वच्छता के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने रैन बसेरा का भी निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बस स्टेंड क्षेत्र में खड़े कचरा वाहनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी ली एवं निर्देशित किया गया कि सभी कचरा वाहनों को दुरूस्त रखा जाए। नगर में स्वच्छता अभियान और अधिक तीव्रगति से चलाएं।

## जीतू पटवारी करेंगे जिला कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण

### यात्रा में होंगे शामिल, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का लोकार्पण कुछ दिनों बाद इटारसी में होने जा रहा है।कार्यालय का निर्माण विश्वनाथ टाकीज क्षेत्र में किया गया है। कार्यालय का निर्माण पूर्ण हो चुका है। जिला कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी करेंगे।

जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने जानकारी देते हुये बताया कि इटारसी में जिला कांग्रेस कार्यालय शुरू किया जा रहा है। कार्यालय का लोकार्पण कार्यक्रम 1 सितंबर से 10 सितंबर के बीच किया जाना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व विधायक संजय शर्मा एवं वरिष्ठ



कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल द्वारा किया जायेगा। वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल होंगे।कलेक्टर सोनिया मीना को यात्रा के बाद ज्ञापन भी सौपा जायेगा।

### द चैम्प्स फन स्कूल में संपन्न हुआ रंगारंग कलर वीक कार्यक्रम

## रेनवो डे के रूप में मनाया गया कलर वीक का अंतिम दिन रंग बिरंगे कपड़ों की सुंदरता को बच्चों ने जीवंत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के प्री-प्राइमरी विभाग में इस सप्ताह बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ कलर वीक का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह बच्चों ने अलग-अलग रंगों को पहचाना, उनसे जुड़ी गतिविधियाँ कीं और रंगों के महत्व को खेल-खेल में सीखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ 25 अगस्त, सोमवार से हुआ, जब थीम रंग ब्लू, व्हाइट (लड़के), मेहरून और ग्रे (लड़कियाँ) रहे। इस दिन बच्चों ने जल से जुड़ी गतिविधियों और रंग–भराई के माध्यम से रंगों को पहचाना। गुरुवार को बेग, ऑलिव (लड़के), रेड और ब्लैक (लड़कियाँ) रंगों की थीम रही, जहाँ




बच्चों ने ट्रैफिक सिग्नल और सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली और रंगों की पहचान की। शुक्रवार को ऑरेंज, ब्राउन (लड़के), टील और क्रीम (लड़कियाँ) रंगों की थीम पर गतिविधियाँ हुईं। इस दिन की खास थीम फ्रूट वॉक रही। बच्चों ने फलों के महत्व को समझा और उनसे जुड़ा क्राफ्ट बनाया।

वहीं शनिवार को कलर वीक का अंतिम दिन रेनबो डे के रूप में मनाया गया। बच्चों ने रंग–बिरंगे कपड़ों में आकर इंद्रधनुष की सुंदरता को जीवंत किया। सुबह की असेंबली में बच्चों को इंद्रधनुष के सातों रंगों के बारे में कविता के माध्यम से बताया गया। इसके बाद रंगों की पहचान कराई गई और ग्राउंड में बच्चों से मिलकर गणेश जी की आकृति बनवाई गई, जिसका फोटो सेशन हुआ। पूरे सप्ताह हर दिन बच्चों को उस दिन के रंगों से जुड़ा एक नया क्राफ्ट दिया गया और साथ ही उनकी ड्राइंग शीट के साथ फोटो शॉट भी कराया गया।

इस पूरे कार्यक्रम की प्रभारी सुश्री आरती मालवीय और सुश्री प्रियंका खत्री रहीं। सभी गतिविधियाँ द चैम्प्स फन स्कूल के कर्मशिला में संपन्न हुईं। कलर वीक का यह उत्सव बच्चों के लिए रचनात्मकता, सीख और आनंद का अनोखा संगम साबित हुआ।

## अकीदत के साथ मनाया जाएगा 1500वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर नर्मदापुरम में आगामी 5 सितंबर को बहुत अकीदत और मोहब्बत के साथ पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब का यौमे विलादत जन्मदिन मनाया जाएगा इस सिलसिले में एक महत्वपूर्ण बैठक अंजुमन कमेटी नर्मदापुरम द्वारा शहर।

क़ाज़ी अशफाक अली और नायब क़ाज़ी अलीम साहब की सदारत में अंजुमन स्कूल में आयोजित की गई बैठक में शहर के अनेक लोग शामिल हुए। जिसमें निर्णय लिया गया कि रखे जुलूस 5 सितंबर सुबह 8.30 बजे सानी जामा मस्जिद बालागंज से निकलेगा जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर इंदिरा चौक पर समाप्त होगा। इसमें जब्बार खान, फैजान उल हक , हाफिज अतीक, डाक्टर मुबीन खान, शेख हबीब , नावेद कुरैशी, शाकिर खान, युनुस कुरैशी, दिलावर बेग, फैजान खान, शहीद खान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भैंसदेही पुलिस ने 4 फरार स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने 4 फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बैतूल पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया द्वारा जिले में अपराधियों पर सख्त शिकंजा कसते हुए अवैध गतिविधियों के उन्मूलन तथा फरार स्थाई वारंटियों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु सभी थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत भैंसदेही पुलिस ने विक्की पिता अमर चौहान, उम्र 30 वर्ष, पवन पिता दशरथ सूर्यवंशी, उम्र 25 वर्ष, दिनेश पिता गड़पति झारखंडे, उम्र 32 वर्ष और अमरलाल पिता भंगी चौहान, उम्र 50 वर्ष सभी निवासी पोखरनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सरविंद धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक अजय भाट, प्र आरक्षक संतोष, परसराम, आरक्षक नरेंद्र, सुनील और महिला आरक्षक अंकिता शर्मा की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि फरार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वारंटियों की धरपकड़ में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाए रखने के लिए फरार वारंटियों पर कठोर व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कोरकू समाज की बैठक आज, महा पूजा की रूपरेखा पर होगी चर्चा

**बैतूल।** कोरकू समाज की महत्वपूर्ण बैठक आज 31 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे मुठवा धाम शहीद भवन बैतूल में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रति वर्ष अनुसार फरवरी माह में होने वाली महा पूजा 2026 को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही ताप्ती कॉन्जर्वेशन के मुद्दे पर भी विशेष विचार-विमर्श होगा। बैठक में समाज के नये जिला अध्यक्ष के नामों पर चर्चा की जाएगी ताकि समाज को सही और उचित मार्गदर्शन मिल सके। समाज के वरिष्ठजन, विभिन्न संगठनों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, कर्मठ कार्यकर्ता और समाजसेवी इस बैठक में शामिल होंगे। हिंदू जागरण मंच के जिला सहसंयोजक एवं आकास जिलाध्यक्ष बंडू लिखितकर ने समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, क्योंकि यह बैठक समाज के भविष्य और आगामी कार्यक्रमों के लिए अहम साबित होगी।

### अखंड रामायण कल से, प्रसादी में पौधे भेंट होंगे

**बैतूल।** पर्यावरण सरंक्षण व हरियाली युक्त वातावरण के उद्देश्य को लेकर पर्यावरण अभियान के तहत 7 दिवसीय गणेश उत्सव के विसर्जन व अखंड रामायण पाठ कल सोमवार से प्रारंभ होकर मंगलवार समापन होगा। जिसमें प्रसादी के रूप में पौधे भेंट किए जाएंगे। पर्यावरणविद व समाजसेवी मदनलाल डढोरे ने बताया कि विकास नगर में लगातार प्रसादी के दौरान भी पौधे भेंट किए जा रहें हैं। विसर्जन के समय भी आए मेहमानों को प्रसादी के रूप में अनेक प्रजाति के अनेक पौधे भेंट करेंगे जिससे की पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा मिल सके।

### युवा संगम के तहत एसडी कॉलेज देवगांव में नि:शुल्क रोजगार मेला 1 सितंबर को

**बैतूल।** एसडी कॉलेज देवगांव एवं मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल लिमिटेड कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार एवं अप्रेंटिस मेला 1 सितंबर को एसडी कॉलेज परिसर देवगांव में आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में कंपनी द्वारा अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा। एसडी कॉलेज के ग्रुप कॉर्डिनेटर राकेश रावत ने बताया कि मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी में प्रोडक्शन, स्टोर, सैंपलिंग, एपीआई प्रोडक्शन, फर्मेंटेशन, सीड लैब, क्यूआई के विभिन्न पदों के लिए कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित किया है।

## 40 साल पुराने भवन की छत से झड़ रहा प्लास्टर, हादसों का अंदेशा

# पानी के टपका से जर्जर हालत में पहुंच गया कुही का पंचायत भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल/शाहपुर

विकासखंड घोड़ाडोंगरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुही में लगभग चालीस साल पुराना पंचायत भवन अपनी आयु पूरी कर, जगह-जगह से जर्जर हो गया है। जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। दरअसल वर्तमान में पंचायत भवन की स्थिति काफी जर्जर हैं। पूरे भवन की छत से प्लास्टर भर-भराकर गिर रहा है। लेंटर की लोहे की छड़ सड़ रही है और दीवारों से सीमेंट छोडने का क्रम बना हुआ हैं। तीन कमरों के इस भवन में एक भी कमरा कार्यालय में बैठने लायक नहीं है। दीवार की दरारों से वर्षा का पानी भवन के अंदर आ रहा है। जिससे पंचायत के रिकॉर्ड भी कार्यालय में नहीं रख सकते। ऐसे में यहां काम करने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ आमजनता को भी हादसे का डर सता रहा है। इसके बावजूद पंचायत कमर्मी जान जोखिम में डाल कर नौकरी करने विवश हैं। जिम्मेदारों सहित ग्रामीणों को सबसे अधिक मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस भवन का निर्माण 1985 में कराया गया था। अब पंचायत भवन जीर्णोद्घार की स्थिति में है।



### यहां आने वाले रहते हैं चिंतित

पंचायत भवन की दुर्दशा को देखकर काम के दौरान कर्मचारी भयभीत रहते हैं। यही हाल गांव की आमजनता का भी हैं। काम के दौरान विभागीय लोगों के साथ-साथ गांव के लोग भी चिंतित रहते हैं। ग्रामीणों की मानें तो सबसे अधिक परेशानी का सामना वर्षा के दिनों में करना पड़ता है। जब वर्षा होती है तो पूरा छत टपकता है। सिर छुपाने की जगह नहीं बचती। जर्जर हाल भवन पर सामान्य वर्षा पर भी पानी टपकने लगता है। छतों से पानी टपकने व भवन के फर्श पर इसके जमा होने पर कामकाज को लेकर कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ रहा हैं। गांव के अंदर अन्य कोई सरकारी भवन नहीं होने के कारण खतरें के बीच कार्यालय लगाया जा रहा हैं।

### कई सालों से कर रहे भवन निर्माण की मांग

पंचायत कार्यालय भवन की दुर्दशा कर्मचारियों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी डर का माहौल है। ग्राम के उपसरपंच कमलेश झल्लारे ने बताया कि कुही ग्राम पंचायत भवन जर्जर हालत में है। कई सालों ने नए भवन बनाने की अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे है। यहां काम करने वाले कर्मचारियों की मानें तो भवन के अंदर सबसे खराब स्थिति रिकार्ड रूम की है, यहां कम समय की वर्षा में भी छत रिसने लगता हैं। ग्रामीण चंदरू धुर्वे का कहना हैं कि पंचायत भवन कई वर्षों पुराना है। इसकी छत से इतना पानी टपकता हैं कि रुम के अंदर खड़े नहीं रह सकते। प्लास्टर गिरने की समस्या केवल एक रूम में नहीं हैं, बल्कि सभी रूम की एक जैसी स्थिति है।

### आबादी और क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ी पंचायत

ग्राम सरपंच बारेलाल वट्टी का कहना हैं कुही पंचायत आबादी और क्षेत्रफल की दृष्टि से बडी पंचायत है। इस लिहाज से कार्यालय आने जाने वालों की संख्या अधिक रहती हैं। प्रतिदिन दर्जनों ग्रामीणों का किसान मजदूर, विद्यार्थी और ग्रामीण लोग काम से आते है। ऐसे स्थिति में यदि जर्जर भवन के कारण कोई अप्रिय घटना घट जाए तो कौन जिम्मेदार होगा? सभी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायत कार्यालय अन्य भवन के लिए नये भवन की स्वीकृति प्रदान की जावे। वैकल्पिक तौर पर अन्य शासकीय भवन ने शीघ्र ग्राम पंचायत कार्यलय लगाने की अनुमति प्रदान की जावे। प्रेम सिनोटिया ने बताया कि छत व

### इनका कहना है

*ग्राम पंचायत कुही का भवन कभी जर्जर हालत में है। वही किराए से अन्य जगह ग्राम पंचायत कार्यालय संचालित करने की अनुमति नहीं मिलती है। नवीन बिल्डिंग निर्माण के लिए ग्राम पंचायत ने पूर्व में कई प्रस्ताव पारित किए, लेकिन नई बिल्डिंग की राशि प्राप्त नहीं हुई। उच्च अधिकारियों को भी भवन की स्थिति के बारे में कई बार पत्राचार से अवगत किया जा चुका है।*

*- निर्भय यादव, सचिव, ग्राम पंचायत सचिव*

## बड़ा हादसा टल गया

# उफनती नदी में फंसी कार, पुलिस ने बचाया



**सारनी।** शनिवार रात थाना चोपना क्षेत्र के ग्राम बटकी डोह रपटे पर बड़ा हादसा टल गया। सारणी निवासी कबीर सिंदूर (26) और हंसराज सिंदूर (27) अपनी वैगनआर कार से गूगल नेविगेशन की मदद से ग्राम नारायणपुर देवी जागरण कार्यक्रम में जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने उफनाई नदी पर बने रपटे को पानी कम समझकर पार करने की कोशिश की। तभी गाड़ी का एक चक्का पुलिया से उतर गया और देखते ही देखते कार बहाव में बहने लगी। कार के बहने की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को दी। खबर मिलते ही चोपना थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने बताया कि कार को पानी का बहाव कम होने पर बाहर निकाला जाएगा। इस रेस्क्यू अभियान में पुलिस स्टाफ एएसआई राजेश कलम, एएसआई बलिराम बमनेले, एएसआई विनोद इवने और आरक्षक कमलेश उयके के साथ ग्रामीण गोताखोर दिलीप घरामी, शंकर सिकदार, चितरंजन सिकदार, सत्तोंजीत घरामी व अभिषेक सिकदार ने अहम भूमिका निभाई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी इलाके में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित पांच लोग नदी में बह गए थे।

### कूलर से 9 माह की बच्ची को लगा करंट, मौत

**बैतूल।** बैतूल के तिलक वार्ड में शुक्रवार शाम एक 9 माह की मासूम बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। मासूम प्रियांशी, अपने घर में खेल रही थी, तभी गीले कूलर में करंट आने से वह उसकी चपेट में आ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार, प्रियांशी पिता युवराज गोहे अपने घर में खेल रही थी। इस दौरान वहां रखे कूलर में करंट आ गया। खेलते-खेलते बच्ची उसके संपर्क में आ गई, हादसे के समय मां बाथरूम में थी। जब वह लौटी तो बच्ची बेहोश मिली। परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा

# डीएफओ के बंगले में दिखी 4.5 फीट लंबी मॉनिटर लिजार्ड

**बैतूल।** उत्तर वन मंडल के डीएफओ नवीन गर्ग के बंगले में गार्डन के पास करीब 4.5 फीट लंबी एक बड़ी मॉनिटर लिजार्ड दिखाई दी। बंगले के स्टाफ ने जैसे ही इस बड़े जीव को गमलों के पास बैठे देखा, उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

डिप्टी रेंजर पीएन बर्डे ने बताया कि टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू की कार्रवाई शुरू की। जैसे ही टीम नजदीक गई, मॉनिटर लिजार्ड तेजी से भागकर बंगले के अंदर घुसने लगी। इस दौरान सर्पमित्र विशाल ने उसे दरवाजे पर ही पकड़ लिया। टीम ने काफी सावधानी से लिजार्ड को काबू किया और बाद में उसे माहरुख नदी किनारे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। जीव विशेषज्ञों के अनुसार मॉनिटर लिजार्ड छिपकली प्रजाति का जीव है और यह इंसानों को नुकसान नहीं पहुंचाती। बल्कि यह छोटे सांप, चूहे और कीड़े-मकोड़े खाकर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि



डीएफओ बंगले का क्षेत्र पहले घने जंगल से घिरा था, इसलिए यहां अक्सर ऐसे वन्यजीव दिखाई दे जाते हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि अगर कहीं मॉनिटर लिजार्ड या अन्य वन्यजीव दिखें तो घबराएं नहीं और उन्हें नुकसान न पहुंचाएं, बल्कि तुरंत विभाग को इसकी जानकारी दें।

# बैतूल में कांग्रेस को मजबूत करने निकले निलय विनोद डागा

## संगठन को गति देने 1 और 2 सितंबर को करेंगे मैराथन दौरा, दो दिन में लेंगे 8 बैठकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में संगठन को सशक्त करने और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष निलय विनोद डागा 1 और 2 सितंबर को बैतूल जिले के विभिन्न ब्लॉक एवं उपब्लॉक कांग्रेस इकाइयों के दौरे पर रहेंगे। इस दो दिवसीय दौरे में निलय विनोद डागा जिले के कुल आठ स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठकों में भाग लेंगे, जहां वे संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे और आगामी रणनीति की दिशा तय करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री स्पेंसर लाल से मिली जानकारी के अनुसार, उनके दौरे की शुरुआत 1 सितंबर को दोपहर 11.45 बजे दुनावा में उपब्लाक कांग्रेस की बैठक से होगी। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे मुलताई के आशीर्वाद लॉन में मुलताई ब्लॉक कांग्रेस की बैठक होगी। दोपहर 2 बजे तिवरखेड़ के ठाकरे



मंगल भवन में प्र.पट्टन ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे आष्टा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मासोद उप ब्लॉक की बैठक होगी। दूसरे दिन 2 सितंबर को निलय विनोद डागा दोपहर 12.15 बजे कोथलकुंड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपब्लॉक सावलमेढ़ा की बैठक में भाग लेंगे। दोपहर 2 बजे उमा लॉन शिव मंदिर रोड भैंसदेही में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक, शाम 4.30 बजे ब्लाक कांग्रेस कमेटी बोरदेही उपब्लॉक की बैठक खेड़ली बाजार में आयोजित होगी तथा अंतिम चरण में शाम 6 बजे माथनकर लान आमला में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में शिरकत करेंगे। निलय डागा का यह दौरा कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगा, जिसमें वे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर संगठन की मजबूती और एकजुटता पर बल देंगे। यह दौरा आगामी चुनावी तैयारियों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की भूमिका को स्पष्ट किया जाएगा। श्री डागा द्वारा लगातार जिलेभर में किए जा रहे सक्रिय प्रयासों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश और आत्मविश्वास का संचार हो रहा है। संगठन की मजबूती के लिए उनका यह सघन कार्यक्रम कांग्रेस को जमीनी स्तर पर नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है।

# बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी एक्ट 1949 निरस्त करने मांग की शांति मशाल धम्म यात्रा पहुंची बैतूल

**बैतूल।** बोधगया महाबोधि महाविहार को बौद्धों के सुपुर्द करने तथा बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी एक्ट 1949 (बीटीएमसी एक्ट 1949) को निरस्त करने की मांग को लेकर देशव्यापी शांति मशाल धम्म यात्रा महू से दीक्षाभूमि नागपुर के लिए रवाना हुई है।

यह शांति मशाल धम्म यात्रा गुरुवार को बैतूल जिले में पहुंची, जहां विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं बौद्ध अनुयायियों ने जोरदार स्वागत किया। भीक्खू संघ ने यात्रा के दौरान बताया कि बोधगया वह पावन स्थल है जहां तथागत भगवान सम्यक सम्बुद्ध को संबोधि



प्राप्त हुई थी। यह संपूर्ण विश्व के बौद्ध अनुयायियों का प्रमुख श्रद्धा केंद्र है, जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है। लेकिन बीटीएमसी एक्ट 1949 के चलते महाबोधि महाविहार विश्व का ऐसा एकमात्र धार्मिक स्थल है जो अपने अनुयायियों के प्रत्यक्ष नियंत्रण में नहीं है। अतः इस एक्ट को निरस्त कर महाविहार को बौद्धों को सौंपे जाने की मांग की जा रही है। शांति मशाल धम्म यात्रा का स्वागत घोड़ाडोंगरी रानीपुर तिराहा पर घोड़ाडोंगरी, सारणी, पाथाखेड़ा एवं बगडोना के सामाजिक संगठनों ने किया। इसी तरह गौठान में भी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस यात्रा का नेतृत्व दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष संदीप पाटिल कर रहे थे। बैतूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पर पुष्प वर्षा कर शांति मशाल धम्म यात्रा का स्वागत किया गया। तत्पश्चात पंचशील बौद्ध विहार सदर में भीक्खू संघ द्वारा एक्ट के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर आमला विधायक योगेश पंडाग्रे ने आश्वासन दिया।

# बीजासनी माता मंदिर में धूमधाम से मनेगा श्री राधा महारानी जन्मोत्सव

## आज रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी विशाल भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में आज 31 अगस्त रविवार को श्री राधा महारानी जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर अनुपम झांकियां एवं मंदिर की साज सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या प्रारंभ होगी एवं ठीक रात्रि 12 बजे श्री राधा महारानी का जन्मोत्सव होगा तथा 56 भोग मिठाई, 15 किलो माखन मिश्री एवं 101 किलो दूध का भोग लगेगा तत्पश्चात महाआरती होगी एवं महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

मंदिर संस्थापक एवं समिति अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि श्री राधा जन्माष्टमी का अत्यंत विशेष महत्व है क्योंकि भगवान श्री कृष्ण की आराधना तो पूरी



दुनिया करती है लेकिन भगवान स्वयं श्री राधा जी की आराधना करते हैं इसीलिए भजन संध्या में श्री राधा नाम संकीर्तन का विशेष महत्व है, उन्होंने नगर के सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस समापन

# कबड्डी में माधव और अवंतिका ग्रुप खो खो में रहा विजेता




**सारनी।** सरस्वती विद्या मंदिर सारनी में नगर पालिका परिषद की ओर से मेजर ध्यानचंद जयंती समारोह मनाया गया। जिसमें कबड्डी एवं खो खो की प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर कराई गई। इसी तरह बालक स्कूल में वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पार्षद मुख्य अतिथि भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, नोडल अधिकारी केके भावसार, रंजीत डोंगरे एवं साथियों के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में माधव ग्रुप बाल वर्क और केशव ग्रुप किशोर वर्ग के बीच प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें माधव समूह द्वारा विजेता के रूप में पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार खो खो प्रतियोगिता में बहन लक्ष्मीबाई ग्रुप और अवंतिका ग्रुप के बीच खो खो प्रतियोगिता हुई जिसमें अवंतिका ग्रुप द्वारा विजेता का पुरस्कार प्राप्त किया। खो खो प्रतियोगिता 3 पॉइंट से विजेता रही एवं कबड्डी दल 7 पॉइंट से विजेता रहा। नोडल अधिकारी केके भावसार द्वारा एवं वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद प्रवीण सोनी एवं भीम बहादुर थापा द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की खेल शिक्षक नीता राठौर ने भैया बहनों को खेल की तैयारी कराई। नितेश नागवंशी द्वारा खेल का निर्णय की भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य सभी आयोजनों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इसमें नगर पालिका परिषद सारनी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शासकीय कन्या हाईस्कूल बैतूल की प्राचार्य दीक्षित हुई सेवानिवृत्ति

# 20 वर्ष ट्राइबल और 15 साल शिक्षा विभाग में लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शासकीय कन्या हाईस्कूल सदर बैतूल में प्राचार्य के रूप में पदस्थ श्रीमती चंदा दीक्षित अपना गौरवपूर्ण कार्यकाल पूरा कर 30 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हो गई। इस अवसर पर उनका सेवानिवृत्त समारोह स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। श्रीमती चन्दा सतीश दीक्षित ने बताया कि उनके शिक्षकीय जीवन की शुरुआत होशंगाबाद जिले के सेंट्रल स्कूल एसपीएम होशंगाबाद से हुई और अब बैतूल के सदर क्षेत्र में स्थित शासकीय हाईस्कूल से सेवानिवृत्त हो रही है। बता दे कि श्रीमती चंदा दीक्षित का जन्म 1 सितंबर 1963 को हुआ था और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा व उच्च माध्यमिक शिक्षा बैतूल जिले के शाहपुर से हासिल की। इसके बाद स्नातक होम साइंस कॉलेज होशंगाबाद व स्नातकोत्तर कार्बनिक रसायन नर्मदा




महाविद्यालय होशंगाबाद से पूर्ण करने के बाद बी.एड भी यहीं से किया। उन्होंने प्रारंभिक नौकरी सेंट्रल स्कूल एसपीएम होशंगाबाद से शुरू की। उसके बाद डेढ़ वर्ष क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सिवनी मालवा जिला होशंगाबाद में कैशियर के तौर पर कार्य किया। जनवरी 90 से लेक्चरर के पद पर हायर सेकेंडरी स्कूल जीन से शिक्षा विभाग में अपने सेवाए दे रही है। जून 2005 से प्राचार्य के पद पर पदोन्नत होकर बडोरा में रही और अक्टूबर 2011 से कन्या हाईस्कूल सदर में रही, जहां से सेवानिवित हो रही है। साढ़े 15 साल जीन में और बडोरा में लगभग 14 वर्ष सदर स्कूल में बिताये। उन्हें हायर सेकेंडरी प्राचार्य के पद पर 2012 में पदोन्नति मिली, किंतु उन्होंने परित्याग कर दिया, 20 वर्ष ट्राईबल विभाग और 15 वर्ष शिक्षा विभाग में काम करने का उन्हें मौका मिला। श्रीमती दीक्षित कहती है कि मुझे दो-दो मायके जैसी जगह मिली।

### सभी सौंपे गए दायित्वों का किया बखूबी निर्वहन

*श्रीमती दीक्षित को ट्राइबल और शिक्षा विभाग में पदस्थ रहते हुए कई दायित्व सौंपे गये। जिनका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। मुख्य रूप प्रतियोगी परीक्षाओं में केंद्र अध्यक्ष, पीएससी विभिन्न व्यावसायिक परीक्षाओं में केंद्र अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दी, किंतु माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की परीक्षा में केवल पांच बार ही केंद्र अध्यक्ष रही। 2015-16 से 2020 तक केवल 5 वर्ष के लिए केंद्र अध्यक्ष रही बाकी फ्लाइंग स्कवाड में ही अपनी सेवाएं दी। संकुल प्राचार्य के रूप में 2010 से वर्तमान समय तक रही। हाईस्कूल प्राचार्य के पद पर 2005 से भी बडोरा में डीडीओ का कार्य किया। उनके इस कार्यकाल की न सिर्फ सहकर्मी प्रशंसा करते है, बल्कि अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करने के लिए अधिकारी भी श्रीमती चंदा दीक्षित की प्रशंसा करने से नहीं चुकते है। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्लानिंग ऑफीसर सुबोध शर्मा, बीईओ बैतूल नवीन प्रहलादी, श्रीमती बीना दीक्षित प्राचार्य उच्च. माध्य. विद्यालय सुभाष स्कूल, श्रीमती निशिकला शर्मा प्राचार्य हाईस्कूल हमलापुर, हीरेंद्र शुक्ला प्रभारी प्राचार्य एमएलबी, सेवानिवृत व्याख्याता वीरेंद्र जायसवाल सहित संकुल के शिक्षकगण, श्रीमती दीक्षित के परिजन एवं उनके मित्रगण उपस्थित थे। इसके अलावा शासकीय कन्या हाईस्कूल सदर परिवार के लक्ष्मीचंद लिल्लोरे द्वारा मंच संचालन एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती दीक्षित के सेवानिवृत्ति होने के पश्चात स्कूल के प्रभारी मुकेश सरिआम द्वारा व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रश्मि राजुरकर, रूपाली पांसे, रजनी सिसोदिया, निमिषा द्विवेदी, मंजू चंदेल एवं आशिता मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।*

## कामती रंगपुर सरकारी स्कूल में किया शैक्षिक संवाद आयोजन



**सोहागपुर।** मप्र शासन की योजना अनुसार व डाइट तथा राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार जिले के सरकारी स्कूलों में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। संकुल स्तरीय संवाद कार्यक्रम में संकुल के सरकारी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में सम्मिलित होते हैं। इसी क्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद संकुल केंद्र में शामिल सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों व शिक्षिकाओं का संवाद कार्यक्रम शनिवार को शासकीय पीएम श्री कामती रंगपुर स्कूल में किया गया है। इस दौरान सेमरी संकुल केंद्र प्राचार्य संतोष ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहायक संचालक आरके उईके, संस्था प्राचार्य जगदीश कसेरा, जनशिक्षकद्वय लखनलाल अहिरवार व धनराज अहिरवार उपस्थित रहे। संवाद में सहजकर्ताओं हरिराम कहार एवं नंदकिशोर साहू ने शैक्षिक संवाद सह प्रशिक्षण आयोजन में विषयों की शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। सोहागपुर बीआरसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि दोनों ही सहजकर्ताओं ने प्रशिक्षु शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं से कक्षाओं में होने वाली समस्याओं व उनके निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

## मातृशक्ति ने की संतान सप्तमी की पूजन

**पिपरिया।** भाद्रपद मास में सप्तमीतिथि को विशेष महत्व होता है। भाद्रपद सप्तमी तिथि को को मुक्त भरण सप्तमी संतान सप्तमी भी कहते है। इस दिन महिलाएं अपने संतान की मंगल कामना के लिए व्रत रखती है और इस व्रत को करतीहै। परंपराके अनुसार इस दिन चांदी काचू ड़ावनवाया जाता है जिसकी शिव पार्वती के साथ पूजन किया जाता है। फिर इसी महिलाएंधारण करती है।संतान के सुख के एवं प्राप्ति होती है। भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति स्थापित करके एवं कलश का पूजन किया जाता है। संतान सप्तमीकथा का भी श्रवणकिया जाता है। इस दिन महिलाएं साथमीठी पुड़ी बनाकर शिव को भोग लगाती है फिर उन्हें प्रसाद में पाती है। इतनी ही पूजा कराने बारे ब्राह्मण को दान देती है।

### नागरिक संघर्ष समिति ने सांसद से की रेल सुविधा बढ़ोतरी की मांग, सौंपा मांगपत्र

# मांग पर, सांसद ने तत्काल जबलपुर रेल मंडल डीआरएम से की दूरभाष पर चर्चा

सोहागपुर क्षेत्र में रेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर नागरिकों ने सांसद को आवेदन सौंपा जिसमें ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, रेल्वे प्लेटफार्म की व्यवस्था ठीक करने आदि की मांगे की गई हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर में रेल सुविधाओं में बढ़त के लिए नागरिक संघर्ष समिति प्रयासरत है। समिति ने शनिवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी को मांग पत्र सौंपा है। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से भेंट की थी।

समिति संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि शनिवार की सुबह सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नर्मदापुरम् स्थित कार्यालय में विधायक विजयपाल सिंह के साथ प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। जहां काफी गहन चर्चा सांसद के साथ हुई एवं उन्होंने शीघ्र ही सभी मांगों की पूर्ति के लिए एवं समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकगण चौधरी राजेंद्र सिंह, कन्नूलाल अग्रवाल, बालपुरी गोस्वामी, पूर्व नप अध्यक्ष संतोष मालवीय, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, अधिवक्ता सतीश नामदेव, विशाल राठौड़ आदि उपस्थित थे।

### रखी ये मांगें

समिति के मांग पत्र अनुसार सोहागपुर व बनखेड़ी रेलवे स्टेशन पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के मध्य इटारसी व जबलपुर की ओर यात्रा करने के लिए ट्रेन सुविधा नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान होते हैं। साधन कम होने से पैसा व समय दोनों खर्च होते हैं, अतः दोनों दिशाओं के लिए एक ट्रेन स्टापेज जरूरी है। सोहागपुर में प्लेटफार्म क्रमांक दो की ऊंचाई बहुत कम होने से बच्चे, बुजुर्ग व रोगी परेशान होते हैं। प्लेटफार्म्स पर डिस्प्ले बोर्ड ना होने से कोच की जानकारी नहीं मिल पाती है। नगर में रेलवे संपार गेट पर भी ओवर या अंडर ब्रिज की मांग 40 वर्षों से जारी है। इसके अलावा रोगियों या दिव्यांगों को ट्रेन में चढ़ाने के लिए व्हीलचेयर नहीं है, यात्री सुरक्षा के लिए सैनिक की ड्यूटी प्लेटफार्म पर नहीं रहती है व रात्रि में प्लेटफार्म्स पर अंधेरा रहता है। सेमरी हरचंद, पथरई, झालौन ग्रामों के लोग भी अंडरब्रिज ना होने से परेशान हैं। वही इंटरसिटी एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, महानगरी एक्सप्रेस व संघमित्रा एक्सप्रेस के स्टापेज की भी मांग की गई है।

### डीआरएम से चर्चा की

शिवकुमार पटेल ने बताया कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने तत्काल जबलपुर रेल मंडल डीआरएम से दूरभाष पर चर्चा की। चौधरी ने डीआरएम से कहा कि वे नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर का मांग पत्र उन्हें प्रेषित कर रहे हैं। जिस पर डीआरएम कार्रवाई करते हुए सांसद को अवगत कराएं। चौधरी ने कहा कि क्रमिक रूप से जन सुविधा के लिए मांगों को स्वीकृत किया जाए। नागरिक संघर्ष समिति ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक विजयपाल सिंह का आभार जताया तथा अपेक्षा की है कि शीघ्र मांग पूर्ति होगी।

## यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस ने बनाए जिग-ज़ैग पाइंट्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार सोहागपुर पुलिस यातायात जागरूकता अभियान संचालित कर रही है तथा थाना व चौकी क्षेत्रों में पुलिस कार्यरत है। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया कि तेज गति से चलाए जाने वाले दोपहिया तथा चौपहिया वाहनों की गति पर रोक लगाने के लिये स्टेट हाईवे के कुछ स्थानों पर ज़िग-ज़ैग पॉइंट बनाए जा रहे हैं। शोभापुर, सेमरी तथा सोहागपुर में पाइंट बनाए गए हैं। जिससे वाहनों की तेज गति पर रोक लगे तथा लोग सावधानी से धीमे वाहन चलाएं। एएसआई गणेश राय ने बताया कि ये पॉइंट्स वाहनों की तेज गति पर रोक एवं संदिग्ध वाहनों व अपराधियों की चेकिंग में उपयोगी साबित होंगे। राय के अनुसार सड़कों पर गौवंश के बैठने पर यातायात प्रभावित होता है व दुर्घटनाएं होती हैं। अतः इससे निपटने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित निकायों को पुलिस पत्र लिखेगी। थाना प्रभारी ऊषा मरावी के अनुसार थाना क्षेत्र में यातायात के नियमों का पालन ना करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जारी है व शनिवार को पुलिस ने 32 प्रकरणों में 10 हजार 200 रुपये का समन शुल्क वसूला है।

## यूट्यूबर नरेंद्र रघुवंशी के समर्थन में आंशिक बंद

**सिवनी मालवा।** शनिवार को यूट्यूबर नरेंद्र रघुवंशी के समर्थन में आंशिक बंद रहा। सुबह के समय कई दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे, जिससे बाजार में सन्नाटा छा गया। हालांकि करीब 11 बजे के बाद अधिकांश दुकानें धीरे-धीरे खुल गईं और जनजीवन सामान्य हो गया। मामला 23 अगस्त का है। अवकाश के दिन एसडीएम सरोज सिंह परिहार कार्यालय में मौजूद थीं। उसी दौरान रघुवंशी वहां पहुंचे। उन पर आरोप है कि उन्होंने कार्यालय कर्मचारियों से 10 हजार रुपए की मांग की और अभद्र व्यवहार किया। एसडीएम का कहना है कि रघुवंशी बिना किसी ठोस साक्ष्य के लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों पर आरोप लगाते रहे हैं। इसी कारण उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

## घंटों बंद रहे एसबीआई ब्रांच के समीप लगे दो एटीएम

### परेशान हुए उपभोक्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर में एसबीआई मेन ब्रांच के समीप लगे एटीएम कई बार बंद रहते हैं। वीकेंड पर यह होना जैसे कि अनिवार्य नियम बन चुका है। शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक भी यह स्थिति बनने से उपभोक्ता परेशान हुए।

उपभोक्ताओं सौरभ सोनी, जगदीश प्रसाद रघुवंशी, जगदीश पटेल, अमित कुमार आदि ने बताया कि शुक्रवार रात एक एटीएम मशीन खराब थी। वहीं शनिवार सुबह दोनों मशीनें बंद हो गई। उपभोक्ताओं ने बताया कि प्रायः वीकेंड पर एसबीआई मेन शाखा के एटीएम बंद होने की समस्या बनती रहती है। शनिवार दोपहर कुछ उपभोक्ता एटीएम खराब होने के कारण सेल्फ चेक से राशि आहरित करने शाखा पहुंचे तो कई काउंटर पर कर्मचारी ही नहीं थे। जिसकी सूचना बैंक प्रबंधक को दी गई तो प्रबंधक ने दिखवाता हूं का वह जवाब दिया जो अधिकारी प्रायः देते हैं। नागरिकों ने समस्या समाधान की अपेक्षा बैंक प्रबंधन से की है।

## विधायक की उपस्थिति में हुआ 1 करोड़ 61 लाख रुपए से बनने वाली सीसीरोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



नप द्वारा शहर के विविध वार्डों में एक करोड़ 61 लाख रुपए लागत से सीसी रोड बनाई जाएंगी। जिनका भूमिपूजन शनिवार दोपहर किलापुरा वार्ड क्षेत्र में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह द्वारा संपन्न किया गया है। विधायक विजयपाल सिंह ने नगरवासियों को विकास के पथ पर बढ़ने की शुभकामनाएं दी हैं।

सोहागपुर नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि मालवीय इंटरप्राइजेज घोड़ाडोंगरी बैतूल इन सभी सड़कों की निर्माण एजेंसी होगी। उन्होंने बताया कि शहर के अलग-अलग वार्डों में कुल 14 सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री अधो संरचना (शहरी) के अंतर्गत किया जाएगा। यह सड़क निर्माण का चतुर्थ चरण होगा, जिसमें सीसी रोड निर्मित की जानी हैं। भूमिपूजन अवसर पर विधायक विजयपाल सिंह ने उपस्थितजनों को संबोधित करते करते हुए कहा कि सड़क का निर्माण विकास पथ निर्मित करने का होता है। सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने सोहागपुर नगर परिषद को बधाई दी है कि शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री अधो संरचना योजनांतर्गत इन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी



सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर, मालवीय इंटरप्राइजेज घोड़ाडोंगरी बैतूल के ठेकेदार गजानन मालवीय, पार्षद, नपकर्मी तथा भाजपा नेता गण उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष की उपस्थित में पार्षद ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के लोहिया वार्ड में लगातार कांग्रेस के पार्षद रहे थे। लेकिन २०साल के कार्यकाल में वह विकास नहीं हुआ है जो आज साल में ही हो रहा है।

भारतीय जनता पार्टी की पार्षद कौशल्या बलराम ठाकुर के द्वारा रोडो का भूमि-पूजन किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष परते राहुलठाकुर पुरुषोत्तमवंशकार सरस्वती करीमम्रदुलता पालीवाल सुनील नरवारे देवेन्द्र कुमार सहित सभी वार्ड वासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया सड़कों का भूमिपूजन किया गया है।अभी तक सबसे बड़ी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। सभी नाले नालियों का चौड़ीकरण निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

## सर्वेयर महासंघ की कार्यकारिणी का गठन हुआ अध्यक्ष विकेश राजपूत, उपाध्यक्ष राजू यादव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



तहसील सर्वेयर महासंघ की नई कार्यकारिणी का गठन करने हेतु शनिवार को माखन नगर तहसील परिषद में बैठक आयोजित की गई। जो कि यह सभी सर्वेयर पटवारी के साथ सहयोगी बनकर कंधे से कंधा मिलाकर खेतों की गिर्दावली ऑनलाइन चढ़ाने का कार्य करते हैं किसानों की आईडी बनाने का कार्य भी इन्हीं के सहयोग से किया जाता हैं जिससे कि किसानों को अपनी फसल बेचते समय रजिस्ट्रेशन करवाने में किसी प्रकार की समस्या ना आए, इस अवसर पर सभी सर्वेयर साथियों ने बढ़चढ़ कर साक्षी बने,इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विनीत गोस्वामी एवं जिला अध्यक्ष अमित मेहरा की सहमति एवं सर्व सम्मति से पदाधिकारीयो का चयन किया गया तहसील सर्वेयर महासंघ की नई माखन नगर कार्यकारिणी में अध्यक्ष विकेश राजपूत, उपाध्यक्ष राजू यादव , सचिव शुभम् शर्मा, कोषाध्यक्ष , राकेश सोनी,मीडिया प्रभारी हेमंत यादव, गोविंद यादव सहित विशेष सलाहकार पुनीत कुमार को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए सर्वेयर समुदाय के हितो की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही और बधाई दी। समस्त पदाधिकारी एवं सभी सर्वेयर साथियों ने हर्ष व्यक्ति किया है।

## सीएमएचओ ने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

शनिवार को सीएमओ नर्सिंह गेहलोद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखन नगर का निरीक्षण कर समस्त मैदानी अमलों की बैठक ली गई जिसमें विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की जाकर समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ किए जाने तथा समस्त गर्भवती माता पंजीयन एवं संपूर्ण जांच, टीकाकरण विधिवत रूप से समय पर किए जाने एवं शत प्रतिशत लक्ष्य उपलब्धि प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कल्याणी यादव, बीई भीमसिंह यादव, बी सी एम सुनील परनामे, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर,द सीएसी सीएचओ एएनएम एमपीडब्ल्यू एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## बीएसएनएल की दूरसंचार सेवा से परेशान हो रहे उपभोक्ता, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



केंद्र सरकार की एजेंसी बीएसएनएल दूरसंचार सेवा की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं। उपभोक्ता बीएसएनल कीसेवा से परेशान हो चुके हैं। एसडीओ सेलेकर सभी अधिकारी लापरवाही पूर्णकार्य कर रहे जिसके कारणकोई सुधारदिखाई दे रहा है । बीएसएनएल के उपभोक्ता राजीव जायसवाल ने बताया कि बिल जमा करनेके बाद भी अच्छी सुविधा नहींमिल रही है। लोगों का यह भी आरोप है कि व्यापारी वर्ग को नियमानुसार लाभ दिया जा रहा है। लेकिन अन्य लोगों को कोईसुविधा नहीं दी जा रही है। एसडीओ तो फोन भी नहीं उठा रहे हैं। टेकापार पंचायत निवासी जितेंद्र रायने बताया मटकुली ग्राम पंचायत से लेकर पचमढ़ी में अलग-अलग स्थानों पर उपभोक्ता परेशान हैं। एसडीओ का कहना है बैटरी नहीं है। इसलिए परेशानी हो रही है। अधिकारी वर्ग को अवगत कराया गया है। फिर भी उपलब्ध कराई नहीं जा रही है। सरकारी विभागों में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को आए दिन बंद होने से सारे सरकारी काम प्रभावित हो रहा है। बल्कि अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव जेसे अधिकारी को कोई परेशानी नहीं है। लेकिन वाकी तो परेशान हैं। अतः उपभोक्ताओं ने सुधार करने की बात कही गई है। बीएसएनएल के जीएम राजकुमार ने बताया सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## कॉलेज में विभिन्न खेल स्पर्धाओं का हुआ आयोजन



**इटारसी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया मिशन द्वारा फिटनेस आंदोलन के रूप में प्रेरक थीम 'एक घंटा, खेल के मैदान में' के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत महाविद्यालय में प्रथम दिवस पर मेजर ध्यान चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस पर स्टाफ एवं छात्राओं के लिए टेबल टेनिस, शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस पर ऑनलाइन प्रश्नमंच प्रतियोगिता एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य खेलों के महत्व और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में हुए कार्यक्रम

# पचमढ़ी में किया गया खेल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



शनिवार को राजा भभूत सिंह शास महाविद्यालय पचमढ़ी में इन-आउट, डॉज बॉल, बैडमिंटन, पिट्ठू, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज इत्यादि मनोरंजनात्मक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया साथ ही चलचित्रों के माध्यम से उन्हें खेल और स्वास्थ्य की जानकारी प्रदान की गई।

लाइब्रेरियन दीपाली जैन द्वारा स्वयं पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की भी जानकारी प्रदान की गई साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्वयं कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में शफिया जहरा, डॉ प्रफुल्ल कुमार, डॉ अनुज डोनीवाल, सुरेश कुमार सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ ललित कुमार, सोमेश सक्सेना, एवं विद्यार्थियों में वंशिका, राहुल, गिरिकांत, सुमित राणा, गरिमा, कनुश्री, कृष्णा, नीति, क्रिस्टीना, किरण, एवं बड़ी संख्या मे विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### शासकीय विद्यालय में हुई स्पर्धाएं



विद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस- राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलों का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ बी आर सी पिपरिया प्रदीप शर्मा, प्राचार्य मनीष गुप्ता, उमेश बरैया एवं केंट प्राचार्यआशीष तंबोली द्वारा किया गया। खेल प्रशिक्षक संतोष यादव द्वारा टेबल टेनिस , पिट्ठू और रस्सी कूद आदि खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ,जिसमें विजेताओं कोमल नौरिया, अक्सरा इशिका, चंचलेश,प्रियांश,ध्रुव , अमय,हर्षित ,सोहेल को पुरस्कृत किया गया ।रूप नारायण श्रीवास द्वारा मेजर ध्यान चंद के संबंध में जानकारी प्रदान की गई ।इस अवसर पर ज्योति यादव, विक्रम सिंह इश्तियाक खान, राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को कराया गया पांडव गुफा का शैक्षणिक भ्रमण



**पचमढ़ी।** शासकीय सान्दिपनि विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत पर्यटन स्थल पांडव गुफा का भ्रमण कराया गया। शिक्षक संजय टिकार द्वारा, पांडव गुफा का ऐतिहासिक विवरण विद्यार्थियों को बताया गया। सभी बच्चों ने गुफा दर्शन किया,मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत समूह द्वारा उपलब्ध पेक लंच वहीं पर किया, और खेल का भी आनंद लिया। विद्यालय के शिक्षक संजय टिकार, राजेश सूर्यवंशी, शाहीन मंसूरी,अंसार खान,उमा नावड़ा, अंकित पाल साथ में उपस्थित रहे।


## न्यायालय तहसीलदार माखन नगर जिला नर्मदापुरम

क्रमांक 1793 प्रवा./ तह./2025 माखन नगर दिनांक 29.08.2025

**इश्तहार** रा.प्र.क्र. 0138 बी-121/25-26 मौजा- ग्राम रैपुरा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी शासकीय अस्पताल बाबई सरवराकार सिविल सर्जन नर्मदापुरम की निम्न दर्शित ग्राम रैपुरा स्थित भूमि की वर्ष 25-26 की खरीब एंव रबी की एक फसल बाबत नीलामी दिनांक 14.08.2025 को दोपहर 02 बजे तहसील कार्यालय प्रांगण माखन नगर में की जानी थी, लेकिन बोली कर्ता उपस्थित नही होने के कारण उक्त भूमि की नीलामी दिनांक 14.08.2025 के स्थान पर दिनांक 04.09.2025 को दोपहर 02 बजे तहसील कार्यालय प्रांगण माखन नगर जावेगी।

**नीलामी भूमि का विवरण**

| क्रमांक | ग्राम का नाम | खातेदार का नाम | खसरा नम्बर | रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रैपुरा | शासकीय अस्पताल माखन नगर सरवराकार सिविल सर्जन नर्मदापुरम भूस्वामी | 14<br>20/2<br>111/2<br>137/1 | 2.351 हे.<br>6.806 हे.<br>4.416 हे. |
| | | | 02 | 13.633 हे. |

अतः उपरोक्त वर्णित कृषि भूमियों की एक कृषि वर्ष 2025-26 खरीब एंव रबी फसल के लिए नीलामी की जाना है, जिस भी किसी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेना हो वह नियत दिनांक/स्थान/समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकता है। इच्छुक व्यक्ति को बोली लगाने के पूर्व अमानत राशि के रूप में 20,000/- बीस हजार रूपया जमा करना होगा तथा अंतिम सर्वोच्चय मान्य बोली की सम्पूर्ण स्वीकृत राशि बोलीदार को तीन दिवस में जमा करना होगी अन्यथा अग्रिम जमा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी। नीलामी स्वीकृत करना या न करना सक्षम अधिकारी का अधिकार रहेगा।

आज दिनांक को इस न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**माखन नगर**

## खबर संक्षेप

### विमुक्ति दिवस का आयोजन आज

**हरदा।** संचालनालय विमुक्त, घुमक्कड एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज 31 अगस्त को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विमुक्ति दिवस के रूप मनाये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि विमुक्ति दिवस का आयोजन 31 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिले में पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में आयोजित किया गया है।

### छापेमार कार्रवाई में 7 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** शुक्रवार को सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए. एस. बघेल के नेतृत्व में मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम के लिए हरदा के क्षेत्र के मानियाखेड़ी, खमगॉव, सोहागपुर, खेड़ीपुरा, वार्ड क्रमांक 25, उड़ा में दबिश देकर कुल 27 पाव देशी शराब, 13 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 350 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया। मुद्देमाल जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किये गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 39675 रूपये है।

### मुक्तिधाम के लिए मशक्कत

**रहटगाँव।** तहसील के नजरपुरा ग्राम का अंतिम संस्कार के लिए भी मौत से लड़ना पड़ता है। जहां विगत कई सालों से अंतिम संस्कार को लेकर बहुत गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्रीय जनता का दुर्भाग्य है कि उन्होंने कई जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद, और मंत्री चुने। सैकड़ो अधिकारी आए और चले गए। लेकिन मुक्तिधाम मार्ग की व्यवस्थाएं नहीं हो सकी। जनप्रतिनिधियों के बड़े-बड़े बादे धरे के धरे रह गए और जनता आज भी अपनों की मुक्ति के लिए परेशान हो रहे हैं। वर्तमान में मौजूदा मुक्तिधाम जर्जर हालत में हो चुका है और वहां पहुंचने के लिए गहरी नदी पार करके ही जाना पड़ता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या विधायक क्या सांसद क्या जिला प्रशासन और क्या मध्यप्रदेश सरकार इतनी लाचार और मजबूर है कि इस समस्या का निराकरण नहीं कर सकती।

### जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए वार्डवार मतदाताओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण संधी निर्देश के अन्तर्गत 1 जनवरी 2025 की स्थिति में मतदाता सूची तैयार किया जाना है। इसके लिए प्रभारी अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण दिये जाने के लिए प्राध्यापक, शा. सीएसए महाविद्यालय डॉ उदय डोलस, एवं सहा प्राध्यापक शा कन्या महाविद्यालय लखन लाल कलेशरिया, को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स अधिकारिया नियुक्त किया गया है।

---

### जिले में वनक्षेत्रों में अधिक बरसात से बिगड़े हालात

# झमाझम बरसात से नदी नाले, उफने एक युवक को तीन युवाओं ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में शुक्रवार रात वनक्षेत्रों में हुई तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए। कई ग्रामीण क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया। पुल-पुलियाओं पर पानी भरने से बच्चों और शिक्षकों को स्कूल नहीं जाने की नौबत आ गई। मटकुल नदी पर एक हादसा भी हुआ। जिसमें एक युवक बहते बहते बच गया। ग्राम कुकरावद में मटकुल नदी के रपटे पर अचानक पानी बढ़ गया।

इसी दौरान नेपानगर से ससुराल आए दिनेश प्रजापति पानी के तेज बहाव में बह गए। ग्रामीणों ने बताया कि वह करीब आधा किलोमीटर तक बहते चले गए। पेड़ की डाल पकड़कर बैठे रहे, फिर दोबारा गिरे पैर फिसलने से दिनेश प्रजापति नदी में जा गिरे। तेज बहाव के बीच उन्होंने पेड़ की डंगाल पकड़कर काफी देर तक खुद को संभाले रखा। लेकिन कुछ देर बाद वे फिर नदी में गिर गए। ग्रामीणों ने जोखिम उठाकर बचाई जान गांव के लल्लू कहार, शुभम कहार और राहुल प्रजापति ने जान जोखिम में डालकर नदी में छलांग लगाई। तीनों ने ट्यूब की मदद से दिनेश को बाहर निकाला। पूर्व सरपंच बलराम पटेल ने बताया कि ग्रामीण कई सालों से इस जगह पुल बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक काम नहीं हुआ।





#### 24 घंटों में 40.7 मिमी औसत वर्षा

जिले में गत चौबीस घंटों में 40.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 21.6 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 15.8 मि.मी., सिराली में 114 मि.मी. तथा रहटगांव में 52.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 884.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 761.2 मि.मी., टिमरनी में 1055 मि.मी., खिरकिया में 927.5 मि.मी., सिराली में 891.7 तथा रहटगांव में 786.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 30 अगस्त तक 818.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

---

### भाजपा ने विरोध किया

## टिप्पणी भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है: नीतेश बादर



**हरदा।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी का जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम परशुराम चौक पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नीतेश बादर ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां पर टिप्पणी भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से सार्वजनिक माफी की मांग की। उनका कहना है कि इस तरह की बयानबाजी से समाज में गलत संदेश जाता है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय जेवल्या ने कहा कि यात्रा के मंच से ऐसे शब्दों का इस्तेमाल राजनीति के पतन की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। मां का अपमान पूरे समाज की मर्यादाओं पर चोट है। कार्यक्रम में सौरभ तिवारी, बसंत सिंह राजपूत, भूपेंद्र सिंह तोमर, धर्मेंद्र पाल, दीपेश बिश्नोई समेत कई भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलयुगी बेटे ने की मां की हत्या

**रहटगांव।** टिमरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीपल्या कलां में एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां को मौत के घाट उतार दिया। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीपल्या कलां में पुलिस को एक बुजुर्ग महिला की मौत की जानकारी मिली। जिस पर टीआई सुभाष दरश्यामकर, एसडीओपी आकांक्षा तलैया दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां कमलाबाई पति संतोष कहार उम्र लगभग 60 वर्ष का शव घर मे मिला। पुलिस ने मौका पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया व शव का पीएम करा परिजनों को सौंपा। मृतिका के छोटे पुत्र रामू से मिली जानकारी अनुसार कमलाबाई के बड़े बेटे राजू जो की अपराधी प्रवृत्ति का है। उसने विवाद के चलते कमलाबाई की नाक एवं मुंह दबाकर हत्या कर दी एवं मौके से फरार हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर मामला जांच में लिया पुलिस कर रही आरोपी की तलाश। मृतिका के पति संतोष का काफी समय पहले निधन हो चुका था ,वह अपने छोटे बहू बेटे के साथ रहती थी।

---

### कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी उपयोगी सलाह

## यूरिया, डीएपी, टीएसपी और एनपीके उपलब्ध कराने किए जा रहे प्रयास

**हरदा।** रबी मौसम 2025-26 अंतर्गत जिले के किसानों को सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा यूरिया, डीएपी, टीएसपी, एनपीके 20:20:0:13, 12:32:16, 14:35:14 की उपलब्धता के लिए प्रयास किये जा रहे है । कृषि वैज्ञानिक डॉ. रूपचंद जाटव ने जिले के किसानों को सलाह दी है कि, डी.ए.पी. उर्वरक के विकल्प के रूप में एन.पी.के. 20:20:0:13, टी.एस.पी. एवं अन्य उर्वरक का चयन उपलब्धता के आधार पर कर सकते है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. जाटव ने बताया कि चना बोने वाले किसानों के लिए एन.पी.के. कॉम्प्लेक्स 20:20:00:13 सर्वोत्तम उर्वरक है, क्योकि इसमें 13 प्रतिशत सल्फर विद्यमान है, दलहन उत्पादन के लिए सल्फर की प्रोटीन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। अतः नत्रजन एवं फास्फोरस के साथ-साथ सल्फर भी फसल को प्राप्त होता है, जबकि डी.ए.पी. उर्वरक में नत्रजन एवं फास्फोरस ही प्राप्त हो पाता है, इसीलिए डी.ए.पी. उर्वरक के विकल्प के रूप में एन.पी.के. कॉम्प्लेक्स 20:20:00:13 को अपनाने हेतु कृषको को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी प्रकार गेहूँ बोने वाले कृषको के लिए एन.पी.के. 12:32:16 सर्वोत्तम उर्वरक है, क्योकि इसमें नत्रजन एवं फास्फोरस के अतिरिक्त 16 प्रतिशत पोटाश विद्यमान रहता है, जो कि गेहूँ के पौधों को दृढ़ता प्रदान करता है तथा इससे दाना चमकदार एवं बोल्ड बनता है, इसीलिए डी.ए.पी. उर्वरक में नत्रजन एवं फास्फोरस ही प्राप्त हो पाता है, इसीलिए डी.ए.पी. उर्वरक के विकल्प के रूप में एन.पी.के. कॉम्प्लेक्स 12:32:16 को अपनाने हेतु कृषको को प्रोत्साहित किया जा रहा है एवं कृषक बंधु सहमत होकर सहर्ष एन.पी.के. 12:32:16 क्रय कर रहे है।

## मयूरी ने जीता मेडल, राज्य स्तरीय कराते के लिए चयन

### टिमरनी में आयोजित हुई 14 वर्ष बालक बालिका शालेय संभाग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



टिमरनी में आयोजित हुई 14 बालक बालिका शालेय संभाग स्तरीय कराते प्रतियोगिता मे ग्राम झाड़बीड़ा की मयूरी गौर पिता किशन गौर ने मेडल जीता है।

जानकारी के अनुसार 50 किलो बजन वर्ग में भाग लेकर अपने जिले का प्रतिनिधित्व निभाते हुए संभाग से राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। अब 15 से 19 सितम्बर को इंदौर शहर में राज्य स्तरीय कराटे चेम्पियनशिप होने वाली है। जिसमे मयूरी गौर अपने संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी। मयूरी के कोच विकास वर्मा ने बताया की ग्राम झाड़बीड़ा मे 4 वर्षों से निःशुल्क कराटे आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे रहें है।पहली बार इस गांव से किसी बालिका का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि से अनुविभागी अधिकारी संजीव नागु ने मयूरी को मैडल पहनाकर बधाई दी।

## सहकारिता कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** सहकारिता कर्मचारियों ने पिछले दिनों अपनी मांगों को लेकर भोपाल में विन्धायंचल भवन का घेराव किया था तीन सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई लेकिन जो उनकी मांगे थी अभी तक पूरी नहीं हो पाई अब प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। जिसमें 54 हजार से अधिक सहकारिता कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता और कर्मचारी शामिल होंगे क्योंकि पिछले समय जब विंध्याचल भवन का घेराव किया गया था तब भी केवल आश्वासन दिया गया लेकिन मांग पूरी नहीं हुई प्रमुख मांगे सहकारिता कर्मचारियों की ये है कि 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुजा तत्काल चयन कराया जाये अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का 54000 जो मात्र 18 जिलों को निल है एवं 34 जिलों में अभी तक भुगतान नहीं किया गया है जिले के कर्मचारियों को तत्काल प्रदान किया जाये बढ़ा हुआा वेतन जिले के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है।

## जिले में अब तक 1148.4 एमएम औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 3.2 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, एमएम, श्यामपुर में 2, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 5, भैरूंदा में 19, बुधनी में 0, रेहटी में 0 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 29 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 824.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 916.1 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 29 अगस्त 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 794.6, एमएम, श्यामपुर में 724.9, आष्टा में 649, जावर में 554.6, इछावर में 811.3, भैरूंदा में 824, बुधनी में 1135 तथा रेहटी में 1101.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

---

### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेतओं को वितरित किए पुरस्कार

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट में मनाया गया मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शुक्रवार को शास. उत्कृष्ट सीहोर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वालित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थी जीवन में खेल से जुड़ना चाहिए, बताया कि मेजर ध्यान चंद ने भारत को तीन बार हॉकी में ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए, जो कि भारत के लिए विश्व में सम्मान का विषय है। इस मौके पर 100 मीटर फर्राटा दौड़ , चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, योगा में विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभाएं दिखाई। प्रतिभागियों को पुरस्कार में मेडल और शील्ड प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि गोपाल सोनी विधायक प्रतिनिधि, कार्यक्रम की अध्यक्षा वसंस्था प्राचार्य महोदय द्वारा 100 मीटर दौड़ का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। खिलाड़ियों को शुभकामनाः वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राजेंद्र देशमुख जी ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला और राज्य का नाम रोशन किया जा सकता है। एनएसएस ऑफिसर व वरिष्ठ व्याख्याता देवेंद्र राय सर ने अपने खेल जीवन के अनुभव शेयर करते हुए। खेल के महत्व को उजागर किया। फिजिक्स के विद्वान व्याख्याता, अरविंद पटेल ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की आत्मकथा का उल्लेख किया। उत्कृष्ट सीहोर की पीटीआई अर्चना सिलोदिया जो कि फुटबॉल की राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त है किया है। विद्यार्थियों के समक्ष फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही डोली गुप्ता, राष्ट्रीय भारोत्तल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त , खिलाड़ी ने बताया कि हर दिन अपने लिए 30 मिनट का समय निकाल कर फिट और स्वस्थ रहने के टिप्स भी बताए, तभी हम फिट इंडिया मोमेंट ला पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साहू, द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी और प्राचार्य सुनीता जैन मैडम द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही कार्यक्रम के खेल प्रभारी राम वृक्ष भारतद्वाज ने माननीय मुख्य अतिथि महोदय जी का आभार माना व धन्यवाद ज्ञापित किया। उत्कृष्ट सीहोर में 30 अगस्त को समय 1:00 बजे कार्यशाला का आयोजन होगा। 31 अगस्त को समय 10:30 बजे जिला स्तरीय साइकल रैली आयोजन। आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर से शुभारंभ होगा और समापन भी आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में होगा।

# डॉ. पंकज जैन के खिलाफ जल्द हो एफआईआर:कमलेश दोहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बहुजन समाज पार्टी के कमलेश दोहरे, जिला प्रभारी अनोखी लाल मालवीय, जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध, जिला महासचिव नरसिंह भारतीय के द्वारा कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में पदस्थ डॉ. पंकज जैन विभागध्यक्ष मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट द्वारा सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के सत्र जुलाई-अगस्त 2025 के तारांकित प्रश्न 532 के संदर्भ में अपनी स्वयं की जानकारी छुपाते हुए षडयन्त्रपूर्वक सारी जानकारी निरंक जवाब प्रस्तुत कर विधानसभा को गुमराह किया है, जबकि डॉ. पंकज जैन द्वारा लगातार गंभीर आर्थिक अनियमिततायें की जाती रही है और फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने में भी डॉ. पंकज जैन को विभाग द्वारा की गई जांच में दोषी करार दिया गया है। लोकायुक्त जांच एवं आर्थिक अपराध संस्थान भोपाल द्वारा की गई की गई विभिन्न जांचों एवं आर्थिक अनियमितताओं में भी डॉ. पंकज जैन को दोषी बताया गया है। आर्थिक अनियमितताओं से संबंधित जानकारी सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने मांगी थी, जिसका जवाब डॉ. पंकज जैन द्वारा साक्ष्य छुपाते हुए गलत प्रस्तुतीकरण करते हुए पूरी जानकारी विधानसभा में झूठी प्रस्तुत करके शासकीय सेवा अधिनियम के अंतर्गत एक गंभीर अपराध किया है। साथ ही कमलेश दोहरे ने कलेक्टर बालागुरु के. से यह भी चर्चा की है कि कालेज में छात्राओं की पढ़ाई अभी तक प्रारम्भ नहीं है, संस्था में पढ़ाई सुचारू रूप से हो एवं छात्राओं को मिलने वाली स्टेशनरी एवं अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाए एवं डॉ. पंकज को तत्काल निलंबित करते हुए प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किये जावे।